ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

स्वच्छ भारत

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक 12.12.2020**

- **गर्रा पुल पर बने वेंडिग जोन में प्रकाश व्यवस्था हेतु वायरिंग का कार्य शुरू किया गया तथा हरे कचरे के निस्तारण हेतु कम्पोस्टर की स्थापना की गई। जोन के बाहर दुकाने नही लगायी जायेंगी।**

नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा गर्रा नदी पुराने पुल पर आधुनिक फल एंव सब्जी मार्केट का निर्माण कराया गया है जहाँ पंजीकृत पथ विक्रेताओं को दुकाने आवंटित की गई। नगर आयुक्त महोदय आज दिनांक 12.12.2020 को वेन्डिंग जोन का निरीक्षण किया । वेन्डिंग जोन से निकलने वाले हरे कचरे को मौके पर निस्तारित किये जाने हेतु एक कम्पोस्टर की स्थापना करायी गई। प्रत्येक दुकान को प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु विद्युत संयोजन का कार्य प्रारम्भ कराया गया। वेन्डिंन जोन के दोनों तरफ पथ विक्रेताओं तथा जन सामान्य को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है तथा दोनों तरफ सार्वजनिक शौचालय का निर्माण गतिमान है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार वेन्डिंग जोन में नियमित रुप से साफ–सफाई के लिये सफाई कर्मचारी तैनात किया गया है।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा वेडिंग जोन के बाहर सब्जी एंव फल आदि का विक्रय कर रहे पथ विक्रेताओं को तत्काल अपने नाम आवंटित की गई दुकानो को पर ही सब्जी/फल आदि लगाने हेतु निदेर्शित किया गया तथा वेडिंग जोन में दुकान लगा रहे दुकानदारो को दुकान के बाहर सब्जी/फल आदि लगाये जाने पर जुर्माना लगाये जाने के कडे निर्देश दिये गये। वेन्डिंग जोन में 120 दुकाने बनायी गई है जिसमें से 66 दुकाने निलामी के माध्यम से आवंटित की जा चुकी है बचे हुये 54 दुकानों की निलामी अगले सप्ताह निर्धारित की गई है। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष केमार दुबे, अधिशासी अभियन्ता श्री मोद नारायण झा, सहायक अभियन्ता (जल) श्री पी0के0 सिंह, प्रकाश अधीक्षक श्री अनवार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगरनिगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner